**भारत सरकार**
**परमाणु ऊर्जा विभाग**
**राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र**

डाकघर : केट
इन्दौर – 452 013 (म.प्र.)

| विज्ञापन सं. आरआरकेट– **1/2015** | आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 8 जून 2015 |
|---|---|

राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, इन्दौर में चालक (सामान्य ग्रेड) के पद पर नियुक्ति हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते है :-

| | |
|---|---|
| **पद का नाम** | चालक (सामान्य ग्रेड) |
| **पे बैंड एवं ग्रेड पे** | पीबी-1 : ₹ 5,200-20,200 + ग्रेड पे ₹ 1,900/- + यथा लागू मंहगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते |
| **पदो की कुल संख्या** | 4 (सामान्य -2, अनुसूचित जाति -1, अन्य पिछड़ा वर्ग -1) |
| **शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताएं** | **आवश्यक :-**<br>1. 10 वीं परीक्षा उत्तीर्ण<br>2. भारी वाहनों हेतु वैध ड्राइविंग लाइसेंस धारक<br>3. मोटर मेकेनिज्म की जानकारी<br>(अभ्यर्थी को वाहन में छोटी-मोटी त्रुटियों को ठीक करने में समर्थ होना चाहिए)<br>4. मोटर कार चलाने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव |
| **आयु सीमा**<br>**(08.06.2015 को)** | 18 वर्ष - 27 वर्ष |
| **चयन** | ड्राइविंग टेस्ट पर आधारित क्षमता का आकलन करने के पश्चात मौखिक साक्षात्कार के द्वारा । केवल स्क्रीन किए गए अभ्यर्थियों को ही ड्राइविंग टेस्ट/साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा |

## 1) ऊपरी आयु सीमा में छूट :

1.1) अनुसूचित जाति अभ्यर्थियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष तक तथा अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों के लिए 3 वर्ष तक की छूट दी जाएगी ।

1.2) भूतपूर्व-सैनिकों को नियमानुसार छुट दी जाएगी ।

1.3) विभागीय अभ्यर्थी जिन्होंने समान अथवा संबद्ध सेवा में निरंतर 3 वर्ष की सेवा की हो – सामान्य अभ्यर्थी के लिए ऊपरी आयु सीमा 40 वर्ष तथा अनुसूचित जाति अभ्यार्थी के लिए 45 वर्ष ।

1.4) 1984 के दंगों में मारे गए व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों को ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी ।

1.5) उन सभी व्यक्तियों को ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी जो जम्मू कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग में दिनांक 01.01.1980 से 31.12.1989 तक की अवधि के दौरान अधिवासी रहे हैं, परन्तु किसी भी परीक्षा में भाग लेने हेतु ऊपरी आयु सीमा में छूट संबंधित नियमों के अंतर्गत उचित अवसरों की अधिकतम संख्या के अनुसार दी जाएगी । कोई भी व्यक्ति जो लागू आयु सीमा में छूट का लाभ लेना चाहते हैं, उन्हें निम्नलिखित अधिकारी द्वारा जारी निवास संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा :-

i) जम्मू कश्मीर संभाग के जिला मजिस्ट्रेट से जिसके क्षेत्राधिकार में वे मूलरूप से या सामान्यत: रहते थे ; **अथवा**

ii) कोई अन्य प्राधिकारी जो जम्मू -कश्मीर सरकार की ओर से पदनामित किया गया हो उनको इस आशय का प्रमाण-पत्र देना होगा कि वे जम्मू-कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग में दिनांक 01.01.1980 से 31.12.1989 की अवधि के दौरान मूलरूप से अधिवासी थे ।

1.6) केवल विद्यालय छोडने के प्रमाण-पत्र अथवा समकक्ष प्रमाण-पत्र में लिखित जन्मतिथि ही स्वीकार की जाएगी । बाद में जन्मतिथि में परिवर्तन की कोई भी प्रार्थना स्वीकार नहीं की जाएगी । आयु सीमा के निर्धारण हेतु निर्णायक तिथि अभ्यर्थी से आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि मानी जाएगी ।

1.7) चूंकि अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थी के लिए उपरोक्त पद आरक्षित नहीं है अत: ऐसे अभ्यर्थी आयु में छूट के पात्र नहीं होगें और उन्हें सामान्य अभ्यर्थी के समरूप माना जाएगा ।

## 2) सामान्य शर्ते :

2.1) आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि, वे विज्ञापन में लिखी सभी पात्रता की शर्तों को पूरा करते हैं। अभ्यर्थी को अपने आवेदन-पत्र में प्रस्तुत सूचनाओं के आधार पर भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न स्तरों में रखा जाएगा । यदि अभ्यर्थी उक्त पद के लिए अयोग्य पाया जाता है, तो आरआरकेट को भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी आवेदन को निरस्त करने का अधिकार होगा । अभ्यर्थी की पात्रता के संबंध में आरआरकेट का निर्णय अंतिम होगा । केवल अभ्यर्थी को बुलावा पत्र जारी करने तथा ड्राइविंग टेस्ट /साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए अनुमति देने मात्र से यह नहीं माना जाएगा कि अभ्यर्थी की उम्मीदवारी अन्तिम रूप से स्वीकृत की गई है या आवेदक द्वारा आवेदन-पत्र में उल्लिखित जानकारियों को सत्य और सही मानकर स्वीकार कर लिया गया है ।

2.2) ड्राइविंग टेस्ट/साक्षात्कार के लिए दिनांक, समय, तथा स्थान की सूचना योग्य अभ्यर्थियों को डाक द्वारा दी जाएगी । ड्राइविंग टेस्ट/साक्षात्कार आरआरकेट, इन्दौर में आयोजित किए जाएंगे ।

2.3) ड्राइविंग टेस्ट/साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अजा/अजजा अभ्यर्थियों को टिकट प्रस्तुत करने पर लघुत्तम मार्ग का स्लीपर श्रेणी का आने जाने का रेलवे किराया नियमानुसार यात्रा भत्ते के रूप में दिया जाएगा । हालांकि, पहले से ही केन्द्र/राज्य सरकार सेवा, केन्द्र/राज्य सरकार निगम,सार्वजनिक उपक्रम,स्थानीय सरकारी संस्थान और पंचायतों में कार्यरत अजा/अजजा अभ्यर्थियों एवं रेलवे से उक्त प्रयोजनार्थ यात्रा हेतु छूट लेने वाले अभ्यर्थियों को ड्राइविंग टेस्ट/साक्षात्कार के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा ।

2.4) इस विज्ञापन के तहत चयन किए गए अभ्यर्थियों को इन्दौर (म.प्र.) में तैनात किए जाने की संभावना है लेकिन वे भारत के किसी भी भाग में और परमाणु ऊर्जा विभाग की किसी भी संघटक इकाई में सेवा करने के लिए उत्तरदायी होंगे ।

2.5) उपरोक्त दर्शाई गई रिक्तियाँ अस्थाई हैं और इनमें परिवर्तन हो सकता है । विज्ञापन में दर्शाए गए रिक्त पद भी सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से भरे जाएंगे और यदि सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार निर्णय लिया गया तो, पद न भी भरे जा सकते हैं।

2.6) चालक (सामान्य ग्रेड) की ड्यूटी के स्वरूप में पारी में ड्यूटी करना शामिल है ।

2.7) केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत व्यक्तियों को उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए तथापि वे आवेदन की अग्रिम प्रति भेज सकते हैं ।

2.8) अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि उन्होंने सहीं जानकारी भरी है । वे अभ्यर्थी जिन्होंने गलत जानकारी दी है उन्हें ड्राइविंग टेस्ट/साक्षात्कार से अयोग्य घोषित किया जाएगा ।

2.9) उपरोक्त पदों के तहत नियुक्त किए जाने वाले व्यक्तियों को नई अंशदायी पेंशन योजना के अंतर्गत शामिल किया जाएगा ।

## 3) आवेदन कैसे करें

3.1) आवेदन-पत्र यहां दिए गए प्रपत्र में प्रस्तुत करना चाहिए । अभ्यर्थी, जो ऑन-लाइन आवेदन करना चाहते हैं, कृपया वेबसाइट <http://www.cat.gov.in/hrd/Openings/Current_Openings.html> देखें । ऑन लाइन आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के एक सप्ताह पूर्व यानी 01.06.2015 को बंद हो जाएगी । अभ्यर्थी जो ऑन लाइन आवेदन कर रहे हैं, को आवेदन की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि (ऑन-लाइन सॉफ्टवेयर का उपयोग करके) संबंधित प्रमाणपत्रों की प्रतियों के साथ भेजना होगी । आवेदन की मूल प्रतिलिपि आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को अथवा इससे पूर्व पहुंच जाना चाहिए ।

3.2) आवेदन-पत्र ए-4 आकार के पेपर में टंकित कर भेजा जाना चाहिए।

3.3) आवेदन के लिफाफे पर निम्नलिखित अंकित करें :

| चालक (सामान्य ग्रेड) के लिये आवेदन | विज्ञापन सं. |
|---|---|
| | आरआरकेट-1/2015 |

3.4) अभ्यर्थियों को उनके हित में यह सलाह दी जाती है कि वे अपने आवेदन-पत्र स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निम्नलिखित पते पर भेजे :-

**सहायक कार्मिक अधिकारी (भर्ती)**
**राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र**
**परमाणु ऊर्जा विभाग**
**डाकघर-केट, इंदौर - 452013 (म.प्र)**

## 4. प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियां :

अभ्यर्थी को अपने आवेदन-पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की स्व-प्रमाणित प्रति संलग्न करनी चाहिए :-

4.1) शैक्षणिक योग्यताएँ / अनुभव और तकनीकी / व्यवसायिक योग्यताओं (उपयुक्त अंकसूचियां जिनमें परिक्षा में लिए गए विषय विषय दर्शाए गए हों) से संबंधित प्रमाण पत्र

4.2) जन्म-तिथि प्रमाणपत्र (कक्षा 10 वीं अथवा 12 वीं की अंकसूची अथवा प्रमाणपत्र)

4.3) अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछ्ड़ा वर्ग जाति के उम्मीदवारों को केन्द्र सरकार में नौकरी हेतु लागू निर्धारित प्रपत्र में अपनी जाति का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए जो इस विज्ञापन के साथ अपलोड है

4.4) भारी वाहन का वैध ड्राइविंग लाइसेंस

4.5) वाहन चलाने का अनुभव प्रमाण पत्र

4.6) रक्षा सेवा से सेवा-मुक्ति प्रमाणपत्र (केवल भूतपूर्व-रक्षा कार्मिकों के लिए लागू)

4.7) इस आशय का प्रमाण कि वे 1984 के दंगों में प्रभावित हुए थे (यदि वे आयु में छूट का दावा करते हैं)

4.8) दिनांक 01.01.1980 से 31.12.1989 तक कश्मीर संभाग में अधिवासी का प्रमाणपत्र (यदि वे आयु में छूट का दावा करते हैं)

## 5. महत्वपूर्ण सूचना :

5.1) ऐसे आवेदन-पत्र, जो विज्ञापन में उल्लिखित आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं - अर्थात आवेदन पत्र, जो निर्धारित प्रपत्र में नहीं हैं, जिसके साथ पासपोर्ट आकार का स्वसत्यापित फोटो तथा प्रमाण-पत्रों की सत्यापित फोटोकॉपी संलग्न नहीं हैं, अस्वीकार किए जाने की संभावना है।

5.2) विज्ञापन में नियत अनुभव की अवधि का निर्धारण आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम दिनांक से किया जाएगा।

5.3) चयन न किए गए अभ्यर्थियों से कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा।

**चयन न किए गए उम्मीदवारों के रिकार्ड, चयन सूची तैयार करने की तिथि से 6 माह बाद नहीं रखे जाएंगे**

**चेतावनी : किसी भी प्रकार की सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा**